कार्यालय– प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, रेवदर

ई-मेल - collegereodar@gmail.com

पत्र क्रमांक:- एफ( )/रामरे/2019-20/ 705 दिनांक- 25/-01-20

एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB CLUB)

एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर दिनांक 16 जनवरी से 20 जनवरी 2020

प्रतिवेदन

प्रथम दिवस :- दिनांक 16 जनवरी 2020 को राजकीय महाविद्यालय रेवदर में एक भारत श्रेष्ठ भारत का शुभारम्भ महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य एवं क्लब के संयोजक श्री गोविन्द नैनीवाल सहायक आचार्य ने दीपप्रज्वलन के साथ किया | इस अवसर पर शिविर प्रभारी एवं क्लब के सहसंयोजक श्री विष्णु कुमार शर्मा सहायक आचार्य ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत में राजस्थान का पार्टनर स्टेट आसाम को बनाया गया है | शिविर के माध्यम से विध्यार्थी आसाम की कला व संस्कृति से परिचित हो सकेंगे | उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य व विध्यार्थी इस क्लब के सदस्य है किन्तु भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की कमी के चलते 50 विद्यार्थियों को इस समूह में शामिल किया गया है | प्रथम दिवस श्री शर्मा द्वारा आसाम के इतिहास कला व संस्कृति विषय पर व्याख्यान दिया गया | साथ ही विद्यार्थियों को आसाम के बारे में और जानकारी करने की प्रेरणा दी |

द्वितीय दिवस :- शिविर के दूसरे दिन एकता गीत के साथ शिविर का शुभारम्भ करते हुए शिविर प्रभारी एवं क्लब के सहसंयोजक श्री विष्णु कुमार शर्मा सहायक आचार्य ने सभी 50 विद्यार्थिओं को 5 समूह में विभाजित किया और उन्हें अपना ग्रुप लीडर व असमिया भाषा में समूह का नाम चुनने का टास्क दिया | विद्यार्थियों ने अपने समूह के नाम बुरंजी, भुत झोलोकिया, हिमीकरण, जोरहट, होलोंग रखे | इसके पश्चात इन्हें अपने समूह के नाम पर प्रजेंटेशन तैयार करने को कहा गया ग्रुप लीडर ने समूह के नाम पर आधारित प्रेजेंटेशन दिया |

तृतीय दिवस :- शिविर के तीसरे दिन एकता गीत के साथ शिविर का शुभारम्भ करते हुए शिविर प्रभारी एवं क्लब के सहसंयोजक श्री विष्णु कुमार शर्मा सहायक आचार्य ने सभी 5 समूह को आसाम की कला व

Scanned by CamScanner

संस्कृति पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत करने का टास्क दिया | विद्यार्थियों ने अपने समूह में मिल कर पोस्टर तैयार किए व ग्रुप लीडर ने पोस्टर प्रेजेंटेशन दिया |

चतुर्थ दिवस :- शिविर के चौथे दिन एकता गीत के साथ शिविर का शुभारम्भ करते हुए शिविर प्रभारी एवं क्लब के सहसंयोजक श्री विष्णु कुमार शर्मा सहायक आचार्य ने सभी 5 समूह के मध्य गीत व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | विद्यार्थियों ने आसाम की कला व संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए गीत व नृत्य प्रस्तुत किए |

पंचम दिवस :- शिविर के पांचवें दिन गीत के साथ शिविर का शुभारम्भ करते हुए शिविर प्रभारी एवं क्लब के सहसंयोजक श्री विष्णु कुमार शर्मा सहायक आचार्य ने सभी 5 समूह को असमिया भाषा के 5-5 शब्द ले कर उनसे वाक्य बनाने का टास्क दिया साथ ही असमिया भाषा में एक दुसरे से अभिवादन करना सिखाया| शाम 4 बजे शिविर का समापन किया गया | इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य एवं क्लब के संयोजक श्री गोविन्द नैनीवाल सहायक आचार्य ने शिविर के सफल संचालन के लिए शिविर प्रभारी व सदस्यों का आभार प्रकट किया | राष्ट्र गीत के साथ शिविर का समापन किया गया |

हस्ताक्षर शिविर प्रभारी

प्राचार्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, रेवदर (सिरोही)

राजकीय महाविद्यालय रेवदर

Scanned by CamScanner